बिलासपुर के अंकित दुबे बने योग संघ के 26वें केंद्रीय सदस्य

भास्कर दूत

रायपुर। छत्तीसगढ़ योग शिक्षक संघ ने अपने कार्यक्षेत्र का विस्तार करते हुए श्री अंकित कुमार दुबे जी को उनके योग के प्रति समर्पण व निष्ठा को दृष्टिगत रखते हुए 26वें केंद्रीय सदस्य, योग संघ नियुक्त किया गया है। संघ के प्रांतीय अध्यक्ष श्री अनिल चंद्राकर ने नव मनोनीत केंद्रीय सदस्य को बधाई देते हुए कहा कि अंकित कुमार दुबे जी योग के प्रति



उत्साहित होकर कार्य करते है और योग के प्रति पूर्ण समर्पित है।

प्रदेश महासचिव श्री खोमेश् साहू जी ने उक्त नवीन केंद्रीय सदस्य अंकित कुमार दुबे जी को डिजिटल मनोनयन पत्र प्रेषित कर बधाई के साथ-साथ केंद्रीय सदस्यों के कार्यों, उद्देश्यों व नियमों से परिचित कराकर केंद्रीय सदस्यों के रूप में समर्पित भाव के साथ कार्य करने के लिए सुभाशीष प्रदान किया। केंद्रीय सह-सचिव, श्री नितेश पटेल जी, राजनीतिक प्रभार ने इसे बहुमूल्य उपलब्धि माना है।

बिंदु सिँह जी, बिलासपुर ने इसे गौरव का क्षण माना, प्रदेश कोषाध्यक्ष योगेश्वर साहू ने योग में सारानीय योगदान का फल माना। बिलासपुर संभागाध्यक्ष श्री सत्यम तिवारी जी ने इसे ऐतिहासिक कार्य बताया। अंकित जी ने इस अवसर पर कहा कि उन्होंने 2018 में पीजी डिप्लोमा योग अटल बिहारी वाजपेई विश्वविद्यालय, बिलासपुर, देव संस्कृति विश्वविद्यालय हरिद्वार से छमाही पाठ्यक्रम, श्री रावतपुरा सरकार यूनिवर्सिटी, रायपुर से एम.ए. योग की पढ़ाई पूर्ण किया। बिलासपुर शहरी जिला अध्यक्ष की जिम्मेदारी भी मुझे प्रदान की गई।नवंबर 2022 में राष्ट्रीय योगवीर सम्मान, नईदिल्ली से भी मुझे सम्मानित किया गया। इस उपलब्धि में मेरे पिता श्री कृष्णा दुबे जी और माता श्रीमती शान्ति दुबे जी का विशेष योगदान हैं। साथ ही डीएलएस स्नातक महाविद्यालय, बिलासपुर, योग विभाग के मेरे विद्यार्थियों ने बहुत खुशी जाहिर की हैं।

संघ के केंद्रीय सदस्यों नवीन पटेल, योगेश साहू, शैलेंद्र वासनिक, संजीव कश्यप, दीपक कुमार वर्मा, प्रियंका चंद्राकर, आकांक्षा चंद्राकर, यामिनी शर्मा, मोनिका सिन्हा, रश्मि मिश्रा, राजा निर्मलकर आदि ने शुभकामनायें व्यक्त किया हैं। साथ ही बिलासपुर जिलाध्यक्ष राजा साहू, उपाध्यक्ष रश्मि गोंड, सह-सचिव संजय कुमार साहू ने शुभकामनाएं व्यक्त किया है।

सर्वे सन्तु निरामयाः

Reg. No. - 122202216856

छत्तीसगढ़ योग शिक्षक संघ

(संबद्धता–अखिल भारतीय योग शिक्षक महासंघ)
कार्यालय : एच. सीता–मोहन कुंज, राधे–कृष्ण हॉस्पिटल के पास, रायपुरा, रायपुर (छ0ग0)

प्रदेश अध्यक्ष
अनिल चन्द्राकर
(सहायक आचार्य)

संपर्कः–9165142606, 8319441130

E-mail:- cgyogps@gmail.com

क0...109 / योगसंघ / 2023

रायपुर, दिनाँक 11.11.2023

केन्द्रीय मनोनयन–पत्र

प्रतिष्ठा में,

श्री अंकित कुमार दुबे,
सेंट्रल जेल कॉलोनी, बिलासपुर (छ.ग.)
संघ ID नंबर – DUL8574950
मो. नं. – 7509252221

छत्तीसगढ़ योग शिक्षक संघ के शक्तियों का विस्तार करते हुए एवं योग के प्रति आपके समर्पण, सामाजिक कार्य कुशलता व प्रतिभा तथा योग–चौपाल कार्यक्रम मे लगातार आपकी सक्रियता को दृष्टिगत रखते हुए संघ केन्द्रीय समिति के निर्णयानुसार आपको **26वॉ केद्रीय सदस्य, छत्तीसगढ़ योग शिक्षक संघ** मनोनीत किया जाता है। ज्ञात हो कि आप जिलाध्यक्ष बिलासपुर, शहरी के रुप में कार्यभार संभाल चुके है साथ ही योगवीर सम्मान अलंकरण, नई दिल्ली 2022 से भी सम्मानित हो चुके है।

अतः हमें विश्वास है कि आप प्रान्तीय अध्यक्ष / महासचिव, केन्द्रीय सह–सचिव व अन्य केन्द्रीय सदस्यों के निर्देशन में संघ की गरिमा एवं अनुशासन को बनाए रखते हुए संघ के विस्तार एवं योग–योग्यताधारियों के हित में कार्य करेगें।

संघ आपके उज्जवल भविष्य की विशद् कामना करता है।

(Khomesh Sahu)
Secretary General
Chhattisgarh Yog Shikshak Sangh,
Raipur (C.G.)